CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संख्या : ११४५ तार का पता : चौखम्बा सीरीज, वाराणसी

नं० ४७७६

५१ २५४

हिन्दी पुस्तकों का

बृहत् एवं अत्युपयोगी

सूचीपत्र

ची 3

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

प्रकाशक-विक्रेता

वाराणसी-१

१९५९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Tel. Chowkhamba Series, Varanasi. Phone : 1145.

नं० ४०७२६

हिन्दी पुस्तकों का

बृहत् एवं अत्युपयोगी

सूचीपत्र

(संख्या ६)

मू० २।-

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस,

प्र का श क--वि क्रे ता

के. ३७/९९ गोपालमन्दिर लेन

पोस्ट बाक्स नं० ८, वाराणसी-१

१९५९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषय सूची

१	आलोचनात्मक साहित्य	१
२	काव्य	४२
३	नाटक	६३
४	उपन्यास	७६
५	कहानी	११२
६	अर्थशास्त्र	१२७
७	इतिहास	१३०
८	राजनीति	१३८
९	अध्यात्म दर्शन	१४३
१०	शिक्षा शास्त्र	१५६
११	मनोविज्ञान	१५९
१२	समाजशास्त्र	१६१
१३	नागरिकशास्त्र	१६२
१४	भूगोल	१६३
१५	रामायणादि ग्रन्थ	१६४
१६	मानस संघ के ग्रन्थ	१६७
१७	कोश	१६८
१८	कृषि	१७१
१९	विज्ञान	१७३
२०	गान्धी साहित्य	१७८
२१	सर्वोदय तथा विनोबा साहित्य	१८०
२२	स्त्रियोपयोगी	१८१
२३	जीवनी-आत्मचरित	१८४
२४	लोक-कथाएँ	१८९
२५	संगीत	१९१
२६	संस्कृत से अनूदित ग्रन्थ	१९३
२७	प्रकीर्ण	१९४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

सूची ५२

नं० ४७७६

आवश्यक निवेदन

(१) कृपया पुस्तकों का आर्डर देते समय इस सूचीपत्र की संख्या ६ का एवं पुस्तकों की क्रमसंख्या का भी उल्लेख अवश्य करें।

(२) सूचीपत्र के छपते समय बहुत से प्रकाशकों द्वारा पुस्तकों के मूल्य में वृद्धि हो गई हैं अतएव पुस्तकें भेजते समय उसी अनुसार मूल्य चार्ज किए जायँगे।

कि सी भी अ व स र प र का शी में प धा र ते स म य

चौखम्बा विद्याभवन

(चित्रा सिनेमा के सामने)

चौक, वाराणसी में अवश्य पधारने की कृपाकरें।

कृपया भारत तथा विदेश में छपी सभी स्थान की संस्कृत-पाली-प्राकृत-अंग्रेजी आदि सभी पुस्तकों का

भारतीय संस्कृति एवं साहित्य

(Books on Indology)

एवं

चिकित्सा सम्बन्धी पुस्तकों का सूचीपत्र

[AYURVEDIC CATALOGUE]

भिन्न भिन्न छपे हुये अमूल्य मंगवावें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समन्वय

लेखक—भारतरत्न श्री डा० भगवानदास जी

अर्वाचीन भारत के प्रज्ञाशील ऋषि श्री डा० भगवानदास जी अब इस संसार में नहीं रहे। सितम्बर १९५८ में उनका स्वर्गवास हो गया। किन्तु अपने राष्ट्र-निर्माणकारी विचारों की अमूल्य निधि वे इस 'समन्वय' पुस्तक के रूप में छोड़ गए हैं। यह नवीन भारत को उनकी देन है। भारतीय संस्कृति का निचोड़ एक शब्द में समझना चाहें तो उसे 'समन्वय' कहा जा सकता है, जो इस श्रेष्ठ पुस्तक का स्पन्दनशील प्राण है।

वेदों में, पुराणों में, शास्त्रों में, काव्य और इतिहास में सर्वत्र भारतीय प्रतिभा ने समन्वय पर बल दिया है। उस मूल दृष्टिकोण की व्याख्या करने के लिए ही श्री भगवानदास जी ने 'सर्वमतसमन्वय' शीर्षक महान् लेख लगभग पौने दो सौ पृष्ठों में लिखा था जो इस ग्रन्थ में मुद्रित है। इसमें सरल शैली में समन्वय के सिद्धान्त की व्याख्या की गई है। सर्वत्र ऋषियों और मनीषियों के सुचिन्तित विचारों के मूल श्लोक प्रमाण रूप में उद्धृत किए गए हैं। इस ग्रन्थ का पारायण शिक्षा और आनन्द का साधक होगा। समन्वय की व्याख्या के अतिरिक्त गणपतितत्त्व और प्रणववाद के विवेचन पर भी तीन महत्त्वपूर्ण लेख इस ग्रन्थ में हैं। सब के अन्त में 'महासमन्वय' शीर्षक ७० पृष्ठों का एक अति विलक्षण निबन्ध मुद्रित किया गया है जिसमें 'सर्वं सर्वत्र सर्वदा' इस भारतीय सूत्र की व्याख्या की गई है, जिसे अर्वाचीन और प्राचीन विश्व-मानवविज्ञान का आधार और नियामक सिद्धान्त कहा जा सकता है। यह ग्रन्थ भारतीय संस्कृति का मथा हुआ मक्खन है। आशा है पाठक इसके स्वाध्याय से लाभान्वित हो सकेंगे।

तृतीय संस्करण, १९५७, पृष्ठ संख्या ३७८। मूल्य ५) रुपये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विविधार्थ

लेखक—भारतरत्न श्री डा० भगवानदास जी

श्री डा० भगवानदासजी ने अपने दीर्घ जीवन में भारतीय संस्कृति, धर्म और दर्शन का जो सार मथकर प्राप्त किया, उसे अति सरल और स्पष्ट शब्दों द्वारा उन लेखों में उँडेल दिया है जो उन्होंने समय-समय पर लिखे। इस प्रकार के १२ लेखों का संग्रह 'विविधार्थ' नाम से उन्होंने अपने जीवन काल में ही प्रकाशित कर दिया था। भारतीय वाङ्मय के अति विस्तृत चित्रपट पर मँजे हुए साहित्यिक की भांति उन्होंने विविध विषय लिखे हैं।

इन लेखों में 'बुद्धि प्रबल वा शास्त्र' लेख लगभग १०० पृष्ठों में, 'भगवद्गीता का आशय और उद्देश्य' १२५ पृष्ठों में, एवं संस्कृति सम्मेलन का अभिभाषण भी १०० पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इनमें स्वतन्त्र ग्रन्थों जैसी प्रामाणिकता और गम्भीर विवेचनात्मक शैली है। ये लेख भारतीय संस्कृति के ज्ञान के लिए ऐसे दीप्तिपट के समान हैं जिनके द्वारा नवीन प्रकाश और वायु में प्राचीन तत्त्वों का परिचय प्राप्त होता है। ग्रन्थ सर्वथा संग्रहणीय है। डा० भगवानदास जी का दृष्टिकोण सर्वत्र बुद्धिवाद की शरण में जाना है। उनका प्रयत्न था कि प्राचीन शास्त्रों का अर्वाचीन बुद्धिवाद के आलोक में अध्ययन किया जाय। इन लेखों का निचोड़ यही है कि बुद्धि की शरण लो। संस्कृत के विद्वान्, अंग्रेज़ी कालिजों के अध्यापक और बुद्धिजीवी छात्र, एवं विद्वत्समाज सभी के लिए इस उत्तम ग्रन्थ का पारायण उपयोगी सिद्ध होगा। पृष्ठ संख्या ५०० मूल्य ५)

विक्रम स्मृति ग्रन्थ

पुरातत्त्व के सैकड़ों कलापूर्ण रंग-विरंगे चित्रों से सुसज्जित इस विशाल ग्रन्थ में प्राचीन भारत का गौरव, सम्राट् विक्रमादित्य के प्रादुर्भाव से लेकर उनके अतुलित पराक्रम, वैभव, न्यायप्रियता, दानवीरता एवं धर्म-परायणता का जीता-जागता स्फूर्तिप्रद इतिहास पढ़िए। विक्रम सभा के कालिदासादि नवरत्न महाकवियों का भी इतिवृत्त इसमें आपको मिलेगा। मूल्य ५०)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विक्रमादित्य [संवत्-प्रवर्तक]

डा० राजबली पाण्डेय, एम० ए०, डी० लिट्०

भारतीय परम्परा और इतिहास के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं महान् पुरुषों में विक्रमादित्य का स्थान ऊँचा है। राम तथा कृष्ण के पश्चात् संभवतः यही नाम जन-मानस को गहराई तक स्पर्श करता है। फिर भी कतिपय आधुनिक इतिहासकारों के लिये विक्रमादित्य कल्पित, अनिश्चित और अनैतिहासिक हैं। इस प्रकार के मत और विचार अधिकांशतः परम्परा के प्रति तिरस्कार तथा समसामयिक साहित्य एवं ऐतिहासिक सामग्री के सम्बन्ध में अज्ञान के ऊपर आधारित हैं। ये मत प्रायः रूढ हो गये हैं। सामान्य इतिहास के विद्यार्थी को इनके विरुद्ध अपना मत अभिव्यक्त करने का साहस भी नहीं होता है। यह नया रूढिवाद सत्य के उद्घाटन में बाधक है। इस ग्रन्थ के लेखक भारतीय परम्पराओं के प्रति घृणा और अनास्था के पोषक नहीं हैं और न तो किसी निःसंदिग्ध प्रमाण के अभाव में उनके त्यागने के पक्ष में हैं। इस ग्रन्थ में विक्रमादित्य-सम्बन्धी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया है और यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि विक्रमादित्य ऐतिहासिक पुरुष थे, जिन्होंने प्रथम शती ई० पू० में शकों को परास्त कर संवत् का प्रवर्तन किया था। साथ ही तत्कालीन भारत का संक्षिप्त ऐतिहासिक परिचय भी दिया गया है। इसके मुख्य विषय हैं : १. विक्रमादित्य का काल, २. प्रचलित मतों की समीक्षा, ३. उद्भव और पूर्वज, ४. जन्म और प्रारम्भिक जीवन, ५. अवन्ती की पुनः प्राप्ति एवं मालव-गण की दृढ़ स्थापना, ६. राज्यारोहण और उपाधियाँ, ७. युद्ध और आधिपत्य, ८. विक्रमादित्य के समय मालवराज्य, ९. सामाजिक जीवन, १०. धार्मिक जीवन, ११. भाषा और साहित्य, १२. कला एवं स्थापत्य, १३. आर्थिक जीवन और १४. उपसंहार।

इस बात की अत्यन्त आवश्यकता थी कि विक्रमादित्य की समस्या पर पुनः नये सिरे से विचार किया जाय और इसके लिये सम्बद्ध साक्ष्य प्रस्तुत किया जाय। इस ग्रन्थ में इसकी पूर्ति करने का सफल प्रयास किया गया है। इसमें सभी संगत सामग्री एकत्र की गयी है, जिससे पूर्वाग्रह रहित कोई भी पाठक अपना निष्कर्ष निकाल सकता है। लेखक ने अपने इस व्यापक, समालोचनात्मक एवं विद्वत्तापूर्ण प्रयत्न से प्राचीन भारतीय परम्परा और इतिहास शास्त्र की बहुमूल्य सेवा की है। विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता सिद्ध करने वाला यह बहुत ही शोधपूर्ण तथा प्रामाणिक ग्रन्थ है।

मूल्य १०)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भक्ति का विकास

डॉ० मुंशीराम शर्मा एम. ए., पी-एच. डी., डी. लिट्.

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, डी० ए० वी० कालेज, कानपुर

ईश्वरतत्त्व की वैदिक दृष्टिकोण से की हुई व्याख्या, साहस एवं पाण्डित्यपूर्ण चिन्तन, वेदों के अनेक-देवपरक स्तुतिमन्त्रों का एक में समन्वय तथा विभिन्न वेद-शास्त्रों के प्रतिपाद्य के एकत्व का प्रमाणसिद्ध, तर्कसंगत एवं युक्तिपूर्ण दार्शनिक विवेचन प्रथम वार ही हिन्दी में इतनी स्पष्टतापूर्वक आपको इस ग्रन्थ में प्राप्त होगा। ग्रन्थ के दो भाग विवेच्य विषय के विभाग के अनुसार अनेक उपभागों में विभाजित हैं।

सहस्राब्दियों पूर्व से आज तक प्रकाश में आए समस्त संप्रदायों, उनकी शाखाओं तथा रामानुज, वल्लभ, चैतन्य, तुलसी, सूर आदि महान् सन्त भक्तों के साहित्य का साङ्गोपाङ्ग गम्भीर अध्ययन करके लिखे गए उनके भक्तिविषयक दृष्टि-कोण का अत्यन्त प्रामाणिक विवेचन पढ़कर आप यह सरलता से जान जायँगे कि भगवत्प्राप्ति के एकमात्र उपाय 'भक्ति' का किस समय कहाँ क्या रूप रहा, किन लोगों ने कैसे उसे किस रूप में समझा और समझाया, उसके वेद-शास्त्र-सन्त-सम्मत स्वरूप का किस क्रम से विकास हुआ और किस रूप में आज हम उसे हृदयङ्गम करके आत्मकल्याण के भागी बन सकते हैं।

अत्यन्त संक्षेप में हम कह सकते हैं कि परमपुरुषार्थरूप में प्राप्य 'भगवत्' और 'भक्ति' तत्त्व के विषय में जितना कुछ जानना आवश्यक है वह सब इस कौशल से इस ग्रन्थ में उपनिबद्ध है कि हिन्दी जाननेवाले प्रत्येक वर्ग, वर्ण एवं स्तर के मानव इसे पढ़कर तुष्ट होंगे, उन्हें आत्मकल्याण का सर्वसम्मत मार्ग अनायास सुलभ होगा तथा इस विषय के चिन्तकों को भविष्य में चिन्तन, मनन एवं अध्ययन के लिए नई दिशा, नया दृष्टिकोण प्राप्त होगा। मूल्य २०)

भक्ति-तरंगिणी

डा० मुंशीराम शर्मा एम. ए., पी. यच. डी., डी. लिट्.

भक्ति-भाव से ओत-प्रोत वेद-मन्त्रों का सरस हिन्दी गीतों में अनुवाद। परम सत्ता के प्रति ऋषियों के मार्मिक हृदयस्पर्शी उद्गार। प्रभु का गुण कीर्तन, भक्त की अन्तस्तल को चीरकर निकली हुई शरण-याचना की पुकार, विरह व्याकुलता, साधन और सिद्धि के उद्बोधनकारी, तृप्तिविधायक उदात्त भाव—सबका एक साथ अनुभव कराने वाली भक्तितरंगिणी अध्यात्मपथ के यात्रियों के लिये अनुपम सम्बल सिद्ध होगी। मूल्य ३)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अक्षर अमर रहें

श्री वाचस्पति शास्त्री गैरोला

भूमिका लेखकः—पद्मभूषण आचार्य डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी

ज्ञान का क्षेत्र जितना विस्तृत है उतना ही पुरातन भी। ज्ञान की इस व्यापक एवं पुरातन थाती को आज हम तक पहुँचाने वाले इतिहास और पुरातत्त्व के जितने भी साधन जीवित हैं, उनमें हस्तलिखित ग्रन्थों का विशेष महत्त्व है। भारत की ज्ञान-सम्पदा के अवशेष इन ग्रन्थों का क्या इतिहास रहा है और हमारे साहित्य के लिए उनकी कितनी उपयोगिता है, इस अछूते विषय पर मौलिक सामग्री उक्त निबन्ध-संग्रह में प्रस्तुत की गई है। दूसरे वर्ग के निबन्धों में पाणिनि, कालिदास, भवभूति, कल्हण आदि के कृतित्व एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालने के साथ-साथ संस्कृत के नाटकों, महाकाव्यों तथा गद्यकाव्यों की परम्परा का विकास किस ढङ्ग से हुआ और उनकी मूल प्रवृत्तियाँ क्या थीं इसका समावेश है। इसी संग्रह के तीसरी कोटि के निबन्धों में संस्कृत पर अपूर्व कार्य करने वाले मैक्समूलर, कोलब्रुक, बूलर, वेबर, मेक्डानल और कीथ आदि उन विदेशी विद्वानों की जीवनियाँ सङ्कलित हैं, जिनका नाम भारतीय साहित्य में अमर हो चुका है। इन विषयों के अतिरिक्त कला के क्षेत्र में भारत की जिस अनुपम देन से आज संसार भर के संग्रहालय एवं ग्रन्थालय द्योतित हो रहे हैं, उसकी रूपरेखा प्रस्तुत करनेवाले निबन्धों का इस संग्रह में चौथा वर्ग है।

इस दृष्टि से यह निबन्ध-संग्रह संस्कृत के सामान्य विद्यार्थियों और शोधकार्य में लगे हुए स्नातकों के लिए पुरातत्त्व, इतिहास, साहित्य, शोध और कला की दृष्टि से उपयोगी है। छपाई गेट अप आधुनिकतम मूल्य ५)

प थ-चि ह्न

श्री शान्तिप्रिय द्विवेदी

संस्मरण और युग-विश्लेषण। भाषा, भाव, विचार और शैली की दृष्टि से अत्युत्कृष्ट पुस्तक, काशी हिन्दू-विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष आचार्य पं० केशवप्रसाद मिश्र की सुगम्भीर और मार्मिक भूमिका सहित मू० १।।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी और मराठी का निर्गुण सन्त-काव्य

डा० प्रभाकर माचवे

इस ग्रन्थ में दक्षिण और उत्तर की भाषाओं के आरम्भिक भक्ति-साहित्य के साम्य और विभेद पर तत्कालीन सामाजिक, ऐतिहासिक तथा साहित्यशास्त्र-विषयक मान्यताओं के परिपार्श्व में सम्यक् अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। तत्कालीन रहस्यवाद का आधुनिक, वैज्ञानिक, बुद्धिवादी दृष्टिकोण से विचार इस ग्रन्थ की विशेषता है। इस ग्रन्थ द्वारा बारहवीं से पन्द्रहवीं शताब्दी के भारतीय वाङ्मय का एक रेखाचित्र, तत्कालीन दार्शनिक मान्यताओं की पृष्ठभूमि के साथ पढ़ने को मिल सकेगा। मूल तिब्बती, तमिल, रूसी, कन्नड आदि ग्रन्थों के सन्दर्भों सहित यह संग्रहणीय ग्रन्थ है। इसमें लेखक के दस वर्षों से अधिक परिश्रम का निचोड़ है। शीघ्र प्राप्त होगा

मराठी का भक्तिसाहित्य

प्रो० भी० गो० देशपांडेय

अध्यक्ष मराठी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

मराठी के भक्तिसाहित्य के उद्गम और विकास का सर्वांग-परिपूर्ण विवेचन करनेवाले इस ग्रन्थ में आप संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, संत एकनाथ, संत तुकाराम और समर्थ रामदास आदि संत कवियों की जीवनियों एवं साहित्य का साङ्गोपाङ्ग गम्भीर अध्ययन करके उनके भक्तिविषयक दृष्टिकोण का प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त करते हुए अति प्राचीन मराठी कवियों द्वारा रचित हिन्दी रचनाओं का आस्वादन करेंगे। इस ग्रन्थ में महाराष्ट्र के नाथ-पंथ, महानुभाव-पंथ, वारकरी या भागवत सम्प्रदाय, दत्त-पंथ और समर्थ सम्प्रदाय के विशिष्टतायुक्त भक्तिसाहित्य तथा महाराष्ट्र में भक्ति की सगुण और निर्गुण धाराओं में, प्रेमाश्रयी और ज्ञानाश्रयी धाराओं में स्वर्णसमन्वय कैसे प्रस्थापित हुआ और उससे मराठी का भक्तिसाहित्य अनूठा कैसे बना, यह सरल और रोचक शैली में वर्णन किया गया है। मराठी के भक्तिसाहित्य के विभिन्न काव्यरूपों के मूलस्रोत और विकास का मनोवैज्ञानिक वर्णन तथा प्राचीन मराठी साहित्य (११५० से १८१८) की दोनों धाराओं (पद्य और गद्य) में भक्ति की भावना कैसे पल्लवित हुई, यह सब हिन्दी में प्रथम ही बार प्रकाशित हुआ है। मूल्य १२॥)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दू संस्कार

(सामाजिक तथा धार्मिक अध्ययन)

(राष्ट्रभाषा-संस्करण)

डॉ० राजबली पाण्डेय, एम० ए०, डी० लिट्०

(प्राचार्य, भारती महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय)

हिन्दू संस्कृति के अध्ययन की दिशा में यह महत्त्वपूर्ण देन है। माता के गर्भ में आने के समय से मृत्यु के समय तक और मृत्यूत्तर संस्कारों के माध्यम से उसके परवर्ती लोकोत्तर प्रयाण तक के हिन्दू जीवन को समझने के लिए यह ग्रन्थ कुञ्जी का काम देता है। हिन्दू जीवन के आदर्श, महत्त्वाकांक्षा, आशा और आशंका सभी मानसिक प्रक्रियाओं पर यह पर्याप्त प्रकाश डालता है। हिन्दुओं की सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं के विविध अंगों के रहस्य इससे स्पष्ट हो जाते हैं। मानव-जीवन बराबर रहस्यपूर्ण रहा है। उसका प्रादुर्भाव, विकास और तिरोभाव मानव-मन को बराबर आन्दोलित करते आये हैं। संस्कारों ने इस रहस्य की गम्भीरता को थहाने और प्रवहमान रखने में बराबर योग दिया है। हिन्दू जीवन को, एक प्रकार के मार्ग और पद्धति के रूप में, अक्षुण्ण रखने में संस्कारों का बड़ा हाथ है। वेदों से प्रारम्भ कर मध्ययुगीन और किन्हीं स्थलों में आधुनिक भारतीय साहित्य के अध्ययन के परिणाम इस ग्रन्थ में समाविष्ट हैं।

इस ग्रन्थ का विभाजन विषय-क्रम से दस अध्यायों में किया गया है : (१) अनुसंधान के स्रोत (२) संस्कार का अर्थ और संख्या (३) संस्कारों का उद्देश्य (४) संस्कारों के तत्त्व (५) जन्मपूर्व संस्कार (६) शैशव के संस्कार (७) शैक्षणिक संस्कार (८) विवाह (९) अन्त्येष्टि तथा (१०) उपसंहार। मध्ययुगीन निबन्ध ग्रन्थों तथा पद्धतियों में संस्कार के ऊपर केवल कर्मकाण्डीय दृष्टि से विचार किया गया है। यह ग्रन्थ उनके सामाजिक तथा धार्मिक आधार और मूल्यों का विस्तृत विवेचन और हिन्दू संस्कृति के एक महत्त्वपूर्ण अङ्ग की आधुनिक व्याख्या प्रस्तुत करता है।

छपाई, गेटअप आदि आधुनिकतम। मूल्य १५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महाकवि बाणभट्ट-रचित 'कादम्बरी' पर एक नवीन रचना—

कादम्बरी : एक सांस्कृतिक अध्ययन

डॉ० श्री वासुदेवशरण अग्रवाल

प्राध्यापक—काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रस्तुत ग्रन्थ की उल्लेखनीय कुछ मुख्य विशेषताएँ—

१. कादम्बरी का सम्पूर्ण कथासूत्र इस प्रकार सुरक्षित रखा गया है कि उसकी परम्परा में कहीं भी त्रुटि नहीं आने पाई।

२. अनुवाद करते समय आधुनिक हिन्दी भाषा का प्रवाह एवं उसकी प्रकृति इस प्रकार व्यवस्थित की गई है कि पाठक उसके माध्यम से बाण की उत्कृष्ट संस्कृत शैली का रसमय लालित्य ग्रहण कर सकें।

३. गुप्तयुग की सांस्कृतिक सामग्री का जो भण्डार कादम्बरी में सुरक्षित है, उसकी तुलनात्मक व्याख्या—साहित्य, कला और इतिहास के आधार पर इस प्रकार की गई है कि प्रथम वार ही बाण के शब्दों पर नया प्रकाश पड़ा है।

४. ऐसे प्रत्येक स्थल और कठिन शब्दों की सुस्पष्ट व्याख्या पाठकों को इस ग्रन्थ में प्राप्त होगी जिन पर आज तक के किसी टीकाकार ने प्रकाश नहीं डाला।

५. कादम्बरी की रचना में कवि का मूल प्रयोजन क्या था, आरम्भ में राजा का नाम शूद्रक क्यों रखा गया, अच्छोद सरोवर क्या है, महाश्वेता और कादम्बरी किस-किस के प्रतीक हैं, आदि और भी महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का ग्रन्थ के अंत में आध्यात्मिक दृष्टि से विवेचन किया गया है।

कथानक और काव्य के विधान एवं रस के निधान की दृष्टि से कादम्बरी अपने आपमें पूर्ण है। किन्तु उससे भी आगे की अपने युग की जिस समस्या का समाधान वाण महोदय कादम्बरी-द्वारा करना चाहते थे उसका भी लेखक ने सप्रयोजन स्पष्टीकरण कर दिया है। पाठक देखेंगे कि कालिदास और बाण के सम्मुख युग की सांस्कृतिक समस्या समान ही थी।

ग्रन्थ के आरंभ में २५२ अनुच्छेदों की विस्तृत विषयसूची और अन्त में कुछ विशिष्ट शब्दों की अनुक्रमणिका भी दी गई है।

तात्पर्य यह कि कादम्बरी के विषय में इस एक ग्रन्थ को हाथ में लेकर आप इस विषय में अन्य किसी ग्रन्थ की अपेक्षा नहीं करेंगे। हमारा विश्वास है कि एक बार देखकर ही आप भी इसे सचमुच पठनीय, मननीय एवं संग्रहणीय समझेंगे।

विद्यार्थी, अध्यापक एवं साहित्य-प्रेमियों को अविलम्ब इस महत्त्वपूर्ण उपादेय ग्रन्थरत्न का संग्रह करना चाहिए। छपाई गेटअप आदि आधुनिकतम। मूल्य १३।।।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पाणिनिकालीन भारतवर्ष

डॉ० श्री वासुदेवशरण अग्रवाल

प्राध्यापक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

'पाणिनिकालीन भारतवर्ष' पाणिनिकृत अष्टाध्यायी का सांस्कृतिक अध्ययन है। अष्टाध्यायी में लगभग चार सहस्र सूत्र हैं जिनका मुख्य उद्देश्य व्याकरण के नियमों का परिचय देना था। किन्तु इन सूत्रों में पाणिनिकालीन भाषा के अनेक शब्द ऐसे हैं जिनसे उस युग के सांस्कृतिक जीवन का प्रत्यक्ष चित्र प्राप्त होता है। पाणिनि ने अपने समय की संस्कृत भाषा की सूक्ष्म छानबीन की थी। इसके लिये उन्हें मनुष्य-जीवन के प्रायः सम्पूर्ण व्यवहारों की जाँच-पड़ताल करनी पड़ी। अतएव पाणिनि का शास्त्र तत्कालीन भारतीय जीवन और संस्कृत का कोष ही बन गया। भूगोल, सामाजिक जीवन, आर्थिक जीवन, शिक्षा और विद्या-सम्बन्धी जीवन, राजनीतिक जीवन, धार्मिक और दार्शनिक जीवन—सबके विषय में राई-राई करके पाणिनि ने सामग्री का सुमेरु ही खड़ा कर दिया। उस सामग्री का इस ग्रंथ में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अध्ययन किया गया है। इसके द्वारा पाणिनि के कई सौ सूत्रों पर नया प्रकाश पड़ा है। अष्टाध्यायी में आए हुए संस्कृत भाषा के कितने ही भूले हुए शब्दों को यहाँ नये अर्थों के साथ समझाने का प्रयत्न किया गया है। ऐसे लगभग तीन सहस्र शब्दों की अकारादि क्रम से सूची ग्रन्थ के अन्त में दी गई है। इन अर्थों में पाठकों को एक नए संसार का दर्शन मिलेगा, जो पाणिनिकालीन भाषा की सच्ची पृष्ठभूमि थी। एक ओर वैदिक संहिताएँ, ब्राह्मण, श्रौतसूत्र, धर्मसूत्र, गृह्यसूत्र, प्रातिशाख्य, चरणव्यूह, महाभारत, पाली-साहित्य, जातक, अर्धमागधी साहित्य इत्यादि अनेक स्रोतों से तथा दूसरी ओर कात्यायन, पतञ्जलि, काशिका, न्यास, कैयट आदि व्याख्यान ग्रन्थों से पाणिनीय सामग्री पर प्रकाश डालने का यत्न किया गया है। लेखक की मान्यता है कि भारतीय संस्कृति का चित्र पूरा करने के लिये पाणिनीय सामग्री का अध्ययन आवश्यक है। पाणिनि के सूत्रों की सामग्री उसी तरह प्रामाणिक समझनी चाहिए जिस तरह शिलालेख और मुद्राओं का साक्ष्य प्रामाणिक माना जाता है।

मूल्य १०)

छपाई गेटअप आदि आधुनिकतम।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीवन दर्शन

डा० मुंशीराम शर्मा एम. ए., पी-एच. डी., डी. लिट्.

जीवन क्या है ? वह कैसे विकसित होता है तथा उन्नत बनता है ? जीवनपथ में कैसे-कैसे मोड़ आते हैं ? जीवन के भौतिक तथा आध्यात्मिक उपादान क्या हैं ? पाश्चात्य तथा पौरस्त्य मनीषियों ने उसके सम्बन्ध में अपने क्या विचार अभिव्यक्त किये हैं ? आगे बढ़ने तथा ऊँचे चढ़ने में क्या अन्तर है ? जीवन-पथ का गन्तव्य कहाँ समवसित होता है ? त्याग और बलिदान, ज्ञान और कर्म, आनन्द और प्रकाश जीवन के किन स्तरों को आलोकित करते हैं। यदि आप इन प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना चाहते हैं तो 'जीवन दर्शन' पढ़िये। लेखक के वैज्ञानिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक तथा साहित्यिक अध्ययन का सार इस ग्रन्थ में सुरक्षित है। 'जीवन दर्शन' पढ़ कर आप जीवन का वास्तविक मूल्याङ्कन कर सकेंगे।

कागज, छपाई, गेटअप आदि सभी आधुनिकतम   मूल्य २॥)

सचित्र–

महाकवियों की अमर रचनाएँ

पं० चक्रधर शर्मा एम. ए.

लगभग २०० पृष्ठोंकी इस पुस्तकमें संस्कृतके विख्यात विशिष्ट महाकवियों (बाणभट्ट, कालिदास, भवभूति, भारवि, माघ आदि) के जीवनवृत्त एवं उनकी प्रमुख उत्कृष्ट रचनाओंका हिन्दीमें सुसम्बद्ध, संक्षिप्त कथानक ऐसे औपन्यासिक, सरस एवं आकर्षक ढंग से विन्यस्त किया गया है, जिसे एक बार पढ़ लेनेसे ही उन-उन महाकवियों एवं उनकी रचनाओंके विषयमें कुछ ज्ञातव्य शेष नहीं रह जाता। जिन लोगोंने मूलरूपमें संस्कृतकी इन विभूतियोंके दर्शन नहीं किए वे भी इस पुस्तकको एक बार पढ़कर संस्कृतकी वाग्विभूतिसे अवगत होकर पुलकित हो उठेंगे। इस प्रकार छात्रों, अध्यापकों एवं संस्कृत-कथानकोंमें रुचि रखनेवालोंके लिये निःसन्देह पुस्तक परमोपयोगी है। इसे एक बार पढ़कर ही इसकी उपादेयता जानी जा सकती है।

कलामय रंगीन आवरण एवं अनेकानेक चित्रों से युक्त पुस्तक का मूल्य २)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऐतिहासिक उपन्यासों में कल्पना और सत्य

श्री बी० एम० चिन्तामणि

भूमिका लेखक—पद्मभूषण आचार्य डा. हजारीप्रसाद द्विवेदी

हिन्दी के उपन्यासों का; विशेष कर ऐतिहासिक उपन्यासों का, अभी तक समुचित अध्ययन नहीं हुआ था। लेखक की इस नवीन कृति ने हिन्दी उपन्यासों के इस वर्ग की बहुत सुन्दर समीक्षा प्रस्तुत की है। यह इनकी थीसिस ऐतिहासिक उपन्यास का परिवर्धित और परिष्कृत रूप है। नयी सूझ-बूझ और गंभीर मंथन की परिचायक यह रचना हिन्दी के आलोचना-क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण देन है। यह ग्रन्थ उच्च कक्षा के विद्यार्थियों, शोध छात्रों एवं अध्यापकों के लिये अत्यन्त लाभप्रद है। मूल्य ३)

साहित्य और सिद्धान्त

प्रो० श्यामला कान्त वर्मा एम. ए.

अध्यापक, हिन्दी विभाग, सतीशचन्द्र डिग्री कालेज, बलिया

लक्ष्य-साहित्य के प्रचुर निर्माण के पश्चात् प्रत्येक साहित्य के पण्डित लक्षण ग्रन्थों का विधान करते हैं, इस प्रकार साहित्य-शास्त्र का निर्माण होता है। साहित्य (लक्ष्य) और साहित्य-शास्त्र का अन्योन्याश्रय संबंध है। एतदर्थ लक्ष्य साहित्य के अध्ययन के साथ ही साथ साहित्य-शास्त्रीय सिद्धान्तों और परम्परा प्राप्त तथा नव्य काव्यरूपों का अध्ययन अनिवार्य होता है। संस्कृत और अंग्रेजी में इस दिशा में अनेक प्रयत्न हुए हैं किन्तु हिन्दी में गंभीर प्रयत्न कम हुआ है। इस दायित्वपूर्ण अत्यंत अपेक्षित अध्ययन को इस पुस्तक का विषय बनाया गया है और प्रयत्न किया गया है कि यह दायित्व निभ जाय। इस ग्रंथ में विद्वान लेखक के साहित्य-सिद्धान्त और काव्यरूपों के विवेचन में अद्यावधि प्राप्त पाश्चात्य और भारतीय सिद्धान्तों का सम्यक् विनियोग तो किया ही गया है, साथ ही हिन्दी की आजतक की अनेकमुखी रचनात्मक प्रकृतियों का आकलन करते हुए अपना स्पष्ट मत दिया है। इस विषय पर प्रकाशित अनेक पुस्तकों के होते हुए भी इस पुस्तक ने अपना अत्यन्त शीघ्र महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है और साहित्यिक विद्यार्थी इससे विशेष लाभान्वित हो रहे हैं। मूल्य ३)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अमृतमन्थन

(जीवन का दिव्य पक्ष)

डॉ० मङ्गलदेव शास्त्री, एम० ए०, डी० फिल० (ऑक्सन)

पूर्व प्रिंसिपल-गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, वाराणसी

जीवन में उदात्त भावनाओं के दिव्य सन्देश की नवीन स्फूर्ति, नवीन जागरण, नवाभ्युत्थान का लाना ही इस रचना का मुख्य उद्देश्य है। पुस्तक लक्ष्यानुसन्धान, जीवनपाथेय तथा प्रज्ञा-प्रसाद नामक तीन भागों में विभक्त है। प्रथम भाग का विषय है—भारतीय राष्ट्र की शिक्षा-विषयक महती समस्या का समाधान और द्वितीय भाग का विषय है—मनुष्य-जीवन के विकास के लिये परमावश्यक आदर्श चिन्तन, चारित्र्य-सम्पत्ति, सत्याचरण, भाव-संशुद्धि, इन्द्रिय-संयम तथा धैर्य जैसे विषयों का प्रतिपादन और तृतीय भाग का विषय है—आध्यात्मिक विकास की उत्कृष्टतर अवस्था के साथ-साथ जीवन में सच्ची आनन्दानुभूति का वर्णन। सरल सुबोध राष्ट्रभाषा हिन्दी अनुवाद के साथ प्रेरणाप्रद हृदयंगम संस्कृत पद्यों में लिखी गयी यह पुस्तक छात्रों, अध्यापकों, गृहस्थों तथा साधु-संन्यासियों के लिये भी उपयोगी और रुचिकर सिद्ध होगी।

छपाई, कागज, जिल्द, गेटअप आदि सभी नवीनतम। मूल्य ४॥)

हमारे आधुनिक कवि और उनकी कविताएँ

श्री व्यथित हृदय

श्री व्यथित हृदय जी हिन्दी-साहित्य के स्वनामधन्य ग्रंथकार हैं। ग्रंथकार के साथ ही साथ आप एक अनुभवी अध्यापक भी हैं। कवियों की आलोचना की यह पुस्तक आपने उच्च कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए ही तैयार की है। इसमें सरल और सुबोध ढंग से हिन्दी के उन सर्वमान्य कवियों और उनकी कविताओं की आलोचना की गई है, जो उच्च कक्षाओं में अध्ययन के लिए सर्वत्र स्वीकृत हैं। समीक्षा और विषय-विवेचन में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ही प्रमुख रूप से महत्त्व दिया गया है। पुस्तक की भाषा इतनी सरल और सुबोध है कि विद्यार्थी अपने आप ही विषय को हृदयंगम कर सकते हैं। इसको अध्ययन करने के पश्चात् फिर इस बात की आशंका कदापि न रहेगी कि परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी या नहीं! हिन्दी साहित्यसेवी, छात्र, अध्यापक एवं इतर व्यक्तियों के लिये भी यह पुस्तक-रत्न समानरूप से उपयोगी है। मूल्य ३॥)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भारतीय व्रतोत्सव

श्री पुरुषोत्तमशर्मा चतुर्वेदी, राजपण्डित, काशीनरेश

भूतपूर्व धर्मोपदेशक तथा संस्कृताध्यापक, मेयो कालेज, अजमेर

भारतीय व्रतों व त्योहारों के विषय में अब तक जितनी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं उनसे इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें सभी व्रतोत्सवों का काल-विज्ञान एवं विधि-विज्ञान बुद्धिगम्य रूप में दिया गया है। लेखक ने अपने चालीस वर्ष के धर्मोपदेश के अनुभवों का इसमें पूर्ण रूप से समावेश किया है, जो कुछ लिखा गया है वह सप्रमाण और सयुक्तिक लिखा गया है। शास्त्र व लोक दोनों के अनुसार विधियों की युक्तियुक्तता सिद्ध की गई है। संक्षेप में उत्सवों का निर्णय भी आरम्भ में दे दिया गया है। थोड़े में कहा जा सकता है कि अभी तक किसी भी पुस्तक में ये बातें नहीं प्रकाशित हुई हैं जिनका इसमें निरूपण हुआ है। पुस्तक देखने पर ही आपको इसके महत्त्व का बोध हो सकेगा। मूल्य अत्यल्प ३)

हमारे त्योहार

डॉ० व्रजमोहन एम० ए०, एल० एल० बी०, पी-एच० डी०,

प्रोफेसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

इसमें हिन्दू त्योहारों पर वैज्ञानिक दृष्टि से विस्तृत विवेचन किया गया है १॥)

दैनिक 'संसार' बनारस

जिस प्रकार भारतीय दर्शन और हिन्दू धर्म तथा संस्कृति की डॉ. राधाकृष्णन् ने आधुनिक लोगों के लिये नवीन व्याख्या की है वैसा ही कार्य इस पुस्तक में त्योहारों की व्यावहारिक व्याख्या कर डा. व्रजमोहन ने किया है।

'पुरानी किसी भी वस्तु की आधुनिक व्याख्या प्रखर प्रतिभावान् व्यक्ति ही कर सकते हैं……डॉ. साहब का यह कार्य सांस्कृतिक कार्य है।

पुस्तक प्रत्येक भारतीय के पढ़ने योग्य है………,

सदाचार-सोपान

पं० श्री रामबालक शास्त्री

स्वतन्त्र भारत के विद्यार्थियों को किस प्रकार का सदाचार पालन करना चाहिये यही इस पुस्तक का मुख्य विषय है। विद्वान् लेखक ने विद्यार्थी, अभिभावक और गुरु का कर्तव्य तथा शिक्षा में सदाचार की आवश्यकता का निरूपण करते हुये विद्यार्थियों की दिनचर्या और कर्तव्याकर्तव्य का चित्र ही खींच दिया है। राष्ट्रभाषा हिन्दी में इस प्रकार की यह प्रथम पुस्तक छपी है। मूल्य ॥)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गोस्वामी तुलसीदास

आचार्य सीताराम चतुर्वेदी

गोस्वामी तुलसीदासजीके ग्रन्थ प्रायः विश्वविद्यालयोंके विभिन्न पाठ्यक्रमोंमें निर्धारित हैं। उन ग्रन्थोंके सम्बन्धमें जिज्ञासु छात्र निरन्तर व्याख्यात्मक समीक्षा और विवेचन माँगते रहते हैं। आजकल जिस रीतिसे काव्य की समीक्षा और अन्तर्दृष्टि अपेक्षित होती है उसके लिये गोस्वामी तुलसीदास जैसे महाकविपर व्याख्यानात्मक तथा विवेचनात्मक समीक्षासे युक्त सुलभ ग्रन्थकी अत्यन्त आवश्यकता थी। उसी आवश्यकताकी पूर्तिके लिये गोस्वामीजीके जीवनचरित, उनकी रचनाओं और उनमें निहित दार्शनिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक और भावात्मक तत्त्वोंकी मधुर, सरल और विस्तृत मीमांसा एक ही स्थानपर, एक ही ग्रंथमें देनेका प्रयास किया गया है। तुलसीका अध्ययन करनेवाले छात्रोंके अतिरिक्त तुलसीके काव्य मानसका रस प्राप्त करनेवाले भक्तों और रसिकोंके लिये भी इसमें अनल्प सामग्री भरी मिलेगी। संक्षेपमें यही कहा जा सकता है कि तुलसीपर इतना प्रामाणिक, व्यापक और सरल ग्रन्थ इतने सस्ते मूल्यमें दूसरा कोई प्राप्य नहीं है।

तुलसीदासजीके जन्मस्थान, जन्मकाल, जीवनकी अनेक घटनाओं और उनकी रचनाके विषयमें जो अनेक प्रकारके भ्रामक मत-मतान्तर प्रचलित हैं उन सबका युक्तियुक्त समन्वयात्मक निराकरण और तुलसी-साहित्यकी उन प्रमुख विशेषताओंसे परिचित होनेके लिये यह एक ही ग्रन्थ है जिनकी ओर सामान्य समीक्षकोंका ध्यान अबतक नहीं पहुँच पाया था। मूल्य ३)

काव्यांग-निर्णय

प्रोफेसर जंगबहादुर मिश्र एम० ए० साहित्यरत्न

सन् १९५७ ई० से हाई स्कूल तथा इण्टरमीडियेट परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में अलंकार और छन्द स्वीकृत किये गये हैं। छात्रों को इन विषयों के ज्ञान की प्राप्ति में सहायता देकर सुलभता प्रदान करना ही इस पुस्तिका का लक्ष्य है। इस पुस्तिका से हाईस्कूल तथा विश्वविद्यालयों एवं सम्मेलन परीक्षाओं के छात्रों को समान रूप से लाभ होगा। मूल्य १)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(उत्तरप्रदेशीय सरकार द्वारा पुरस्कृत)

गणितीय कोष

(गणितीय परिभाषा तथा गणितीय शब्दावली)

(The technical language of Mathematics & Mathematical Terminology)

डॉ० व्रजमोहन एम० ए०, एल० एल० बी०, पी-एच० डी०

प्राध्यापक, गणित विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी मूल्य ९)

...कोष के प्रारम्भ में, हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली की आवश्यकता, विभिन्न संस्थाओं द्वारा चल रहे पारिभाषिक शब्दावलियों के कार्य और प्रस्तुत कार्य आदि पर विवेचन है। साथ ही भास्कर और लीलावती की शब्दावली पर, गणितीय शब्दावली की समस्याओं पर तथा गणितीय संकेतों पर भी प्रकाश डाला गया है। इस प्रारम्भिक विवेचन से लेखक की अपने काम में कितनी गति है और किस प्रकार सुलझे ढंग से वह अपने कार्य में प्रवृत्त हुआ है, यह स्पष्ट हो जाता है। लेखक क्योंकि स्वयं गणितशास्त्र के विद्वान् और प्राध्यापक हैं इसलिये वे शब्दों के अभिप्राय जानते हैं और इसी कारण उन्हें हिन्दी रूपान्तर प्रस्तुत करने में सुविधा रही है। इस परिश्रमसाध्य कार्य का हमारा शिक्षा मन्त्रालय कितना स्वागत करता है, यह देखने की बात है। दैनिक 'हिन्दुस्तान' दिल्ली

राष्ट्रभाषा सरल हिन्दी व्याकरण

यों तो हिन्दीमें अनेक व्याकरण प्रकाशित हो चुके हैं किन्तु, स्वतंत्र भारतमें सभी को राष्ट्रभाषा हिन्दी का संक्षेप में सरलरूपेण झटिति ज्ञान कराने वाले इस राष्ट्रभाषा सरल हिन्दीव्याकरण को कोई भी नहीं पाता। इसमें सूक्ष्म से सूक्ष्म बातोंका तथा अशुद्ध-शुद्ध लिखने-पढ़ने का भी विचार किया गया है। किमधिकम्, हिन्दी के पत्रों- 'भारत' 'आज' तथा श्रीयुक्त सम्पूर्णानन्दजी, बाबूराव विष्णुपराड़कर, आदि धुरन्धर हिन्दी वेत्ताओंके मतोंसे अलंकृत एवं नागरी प्रचारिणी सभा के सभापति श्रीयुत पं० रामनारायण मिश्र एवं हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र एम० ए० की सम्मतियोंसे सुसज्जित यह व्याकरण 'गागरमें सागर' के समान है। इसे पढ़कर हिन्दी व्याकरणके नियमों को भली भांति ज्ञात कर आप संस्कृत व्याकरणका भी ज्ञान इसीसे प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा किसी अन्य हिन्दी व्याकरणमें नहीं है। मूल्य १।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बौद्धदर्शन-मीमांसा

पं० बलदेव उपाध्याय साहित्याचार्य, एम० ए०

भूमिकालेखकः—महामहोपाध्याय श्री गोपीनाथ कविराज एम० ए०

इसमें पांच खण्ड हैं। प्रथम खण्डमें बुद्ध के मूल धर्म का वर्णन, द्वितीय में बौद्ध-धर्म का विकास, तृतीय में वैभाषिक, सौत्रान्त्रिक, योगाचार तथा माध्यमिक संप्रदायों के गूढ़तथ्यों का सरल विवेचन, चतुर्थ में बौद्ध-न्याय, बौद्ध-योग तथा बौद्ध-तन्त्रों का वर्णन एवं पंचम में बौद्धधर्म का विस्तार से उपाख्यान है। इस ग्रंथकी उपादेयता पर प्रसन्न होकर उत्तर प्रदेश की सरकार ने विद्वान् लेखक को १०००) तथा डालमिया पुरस्कार २१००) से पुरस्कृत कर सम्मानित किया है। अभिनव द्वितीय संस्करण ६)

सौगतसिद्धान्तसारसङ्ग्रह

(हिन्दी अनुवाद सहित)

डॉ० चन्द्रधर शर्मा एम. ए., डी. फिल्., डी. लिट्.,
एल्. एल्. बी., साहित्याचार्य, साहित्यरत्न, अध्यापक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,

इस ग्रन्थ में भगवान् बुद्ध के उपदेशों से लेकर जब तक भारत में बौद्ध धर्म का प्रभाव रहा तब तक के आचार्यों के उपलब्ध दार्शनिक ग्रन्थों में से बौद्धदर्शन के सारभूत तत्त्वों का संग्रह किया गया है। ग्रन्थ के पाँच परिच्छेद हैं—(१) पालिवाङ्मय, (२) महायान सूत्र, (३) शून्यवाद, (४) विज्ञानवाद और (५) स्वतन्त्रविज्ञानवाद। साथ में हिन्दी अनुवाद भी दिया गया है जिसमें पारिभाषिक शब्दों और भावार्थ को भी स्पष्ट किया गया है। मूल्य ५)

काशी-दर्शन

इसके पढ़ने से समस्त काशी के नवीन एवं प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों एवं मंदिर, भवन, कला तथा शिक्षालयों आदि का संपूर्ण परिचय सहज में हो जाता है। काशी-तीर्थयात्रियों के लिये यह बहुत ही उत्तम पथ-प्रदर्शक पुस्तक है। इस पुस्तक को हाथ में लेकर शहर की सघन गलियों में या पंचक्रोशी के मध्य जहाँ जिस प्राचीन या नवीन दर्शनीय स्थान पर यात्री जाना चाहें स्वयं जा सकेंगे। काशी के पण्डों की शरण में या उनके बहकावे में पड़कर यात्रियों को परेशानी नहीं उठानी होगी। काशी के प्रतिष्ठित पत्र **'आज'** ने इसकी भूरिभूरि प्रशंसा की है। मूल्य ।-)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कौटिल्य अर्थशास्त्र

(हिन्दी व्याख्या सहित)

व्याख्याकार–श्री वाचस्पति शास्त्री गैरोला

संस्कृत-साहित्य के पारिभाषिक-शब्दावली-प्रधान ग्रन्थों में आचार्य कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' उल्लेखनीय है। इसी विषय-वैशिष्ट्य के कारण 'अर्थशास्त्र' के अनेक स्थलों का बड़े-बड़े विद्वान् तक शब्दार्थ करने में, यदि कहा जाय कि सफल नहीं हो सके हैं, तो अनुचित न होगा। 'अर्थशास्त्र' पर हिन्दी में अनेक टीकाएँ लिखी गई हैं, किन्तु वे या तो संस्कृत की समास-बहुल शैली का अनुकरण करने पर, अपने लम्बे-लम्बे वाक्यों के कारण, इतनी बोझिल हो गई हैं, जिनके माध्यम से पाठकों को और विशेषतः विद्यार्थी-वर्ग को मूलग्रन्थ की यथार्थताओं को समझने में बड़ी कठिनाई होती है। प्रस्तुत अनुवाद में इस बात को पूरी तरह ध्यान में रखा गया है कि अनुवाद की भाषा सुगम तथा वाक्ययोजना लघु हो। अर्थशास्त्र के अध्ययन की दिशा में एक बड़ी कमी यह दिखाई देती है कि सारे ग्रन्थ को समाप्त कर लेने के बाद भी छात्र प्रस्तुत विषय की गहनता एवं व्यापकता से अछूता ही रहता है; और आधुनिक दृष्टि से अर्थशास्त्र का क्या महत्त्व है, इस सम्बन्ध में तो उसका ज्ञान सर्वथा ही नहीं होता है। इन कमियों को दूर करने के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ की विस्तृत भूमिका में वैदिक युग के आदिम साम्य संघ से लेकर दासराज्यों, गणराज्यों और उनके बाद अधिष्ठित साम्राज्यों के उदय-अस्त का समीक्षण ऐतिहासिक दृष्टिकोण से किया गया है तथा अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नई चेतना को जन्म देने और आधुनिक दृष्टि से उस पर नये सिरे से विचार करने वाले कार्ल मार्क्स, एंगेल्स और लेनिन जैसे राजनीतिज्ञों एवं धुरन्धर अर्थशास्त्रियों के सिद्धान्तों की समीक्षा भी विस्तार से की गई है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में जिन प्राचीन गणराज्यों का उल्लेख हुआ है, या जिन अर्थशास्त्र की आधारभूत विशेषताओं का आज से सहस्र वर्ष पहिले जन्म हो चुका था, ऐतिहासिक दृष्टि से उनका क्या अस्तित्व था और शनैः-शनैः उनका विकास कैसे हुआ, इन बातों पर भी भूमिका में विचार किया गया है। इन बातों के अतिरिक्त ग्रन्थ के परिशिष्ट में अर्थसहित एक पारिभाषिक शब्दावली भी संलग्न की गई है। इस शब्दावली का आधार सरकार के शिक्षा-विभाग द्वारा प्रस्तुत तथा प्रामाणिक कोशग्रन्थों से संकलित 'टेक्निकल टर्म्स' है, जिससे कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

शीघ्र प्रस्तुत होगा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दुओं की प्रबुद्ध रचनाएँ

लेखक—थि० गोल्डस्टकर

अनुवादक—श्री चारुचन्द्र शास्त्री

वैदिक काल में आर्यों की संस्कृति और सभ्यता एवं उनके आचार-विचार कितने समुन्नत थे तथा किन उत्कृष्टतम ग्रन्थों से इसका प्रामाणिक विवरण प्राप्त होता है इसका विशद विवेचन प्राप्त करने के लिये राष्ट्रभाषा हिन्दी में पहली बार प्रकाशित प्रस्तुत पुस्तक अवश्य पढ़ें। एकबार देखकर ही आप इसकी विशेषताओं से परिचित हो सकते हैं। विज्ञ लेखक ने इस ग्रन्थरत्न की रचना में जो श्रम किया है वह लेखनी का विषय नहीं। शीघ्र प्रकाशित होगी

हिन्दी के पौराणिक नाटक

(MYTHOLOGICAL DRAMAS IN HINDI)

डॉ० देवर्षि सनाढ्य, शास्त्री, एम० ए०, पी०-एच० डी०

यह ग्रन्थ लेखक के पाँच वर्ष के परिश्रम का फल है। भारतीय पुराणों ने किस प्रकार भारतीय जन-मन को प्रभावित किया है और किस प्रकार पुराण की दिव्य कथाओं ने भारतीय मनीषा को प्रेरित किया है, इन सब का प्रामाणिक विवरण इस शोध-ग्रन्थ में उपस्थित किया गया है। संस्कृत, बँगला, मराठी, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, तेलगु, तमिल, मलयालम आदि भारतीय भाषाओं में पौराणिक नाटकों की परम्परा का इतिवृत्त उपस्थित करते हुए लेखक ने हिन्दी के पौराणिक नाटकों का आलोचनात्मक इतिहास भी इस ग्रन्थ में प्रस्तुत किया है और इस प्रकार यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनरुचि, संस्कृति तथा सभ्यता के मूल में एक ही प्रेरणा काम कर रही है। प्रेस में

मन्दाकिनी

डॉ० देवर्षि सनाढ्य, शास्त्री, एम० ए०, पी०-एच० डी०

'मन्दाकिनी' अपने नाम के अनुसार ही गुण रखने वाली पुस्तक है। इसमें संस्कृत-साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली वार्ताओं का संग्रह है। वाल्मीकि, कालिदास, भर्तृहरि, भारवि, श्रीहर्ष, मयूर, जयदेव आदि संस्कृत-साहित्य के महान् मनीषियों की रचनाओं का हिन्दी-व्याख्यात्मक परिचय संस्कृत-साहित्य में रुचि रखने वाले पाठकों के न केवल मनोविनोद का कारण होगा, प्रत्युत भारतीय साहित्य के प्रति निष्ठा की भावना भी उत्पन्न करेगा।

विद्यार्थी, अध्यापक एवं साहित्यप्रेमियों को इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ का संग्रह अवश्य करना चाहिये। प्रेस में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आदर्श हिन्दी-संस्कृत-कोशः

(सम्पादक—**प्रो० रामसरूप** एम० ए०, विद्यावाचस्पति, शास्त्री, प्रभाकर)

राष्ट्रभाषा के माध्यम से देववाणी का अध्ययनाध्यापन करने करानेवाले विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के लिये एक प्रामाणिक हिन्दी संस्कृत कोश की अनिवार्यता स्वतः सिद्ध ही है। तथापि आज तक इस प्रकार के कोश की बाजार में अनुपलब्धि का कारण था पराधीन राष्ट्र की स्व-संस्कृति की भाषा संस्कृत के प्रति निन्दनीय उपेक्षा। स्वराज्य-प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्र-प्रेमियों का ध्यान विस्मृत-प्राय संस्कृत की ओर भी गया है और अब उसमें नवीन प्राण-प्रतिष्ठा के तुल्य उद्योग से हो रहे हैं। निकट भविष्य में ही वह व्यक्ति सुनिश्चित रूप से अभारतीय और असंस्कृत समझा जायगा जो संस्कृत-ज्ञान से रहित होगा। अत्यन्त हर्ष का विषय है कि हिन्दीज्ञाता और संस्कृतज्ञान के इच्छुक लोगों के लिए यह ऐसा प्रामाणिक कोश तैयार हुआ है जिसकी सहायता से प्रत्येक व्यक्ति सहज ही संस्कृत सीख सकेगा। इस कोश में लगभग चालीस सहस्र हिन्दी-हिन्दुस्तानी शब्दों तथा मुहावरों के विश्वसनीय संस्कृत पर्याय दिये गये हैं। प्रत्येक शब्द का लिंगनिर्देश भी किया गया है। हिन्दी क्रियापदों के संस्कृत धातुओं के गण, पद, सेट, अनिट्, वेट्, णिजन्त आदि के रूप भी दिये गये हैं। कोश के संपादक हिन्दी-संस्कृत के प्रख्यात् विद्वान् व लेखक हैं। इनकी दर्जनों हिन्दी-संस्कृत रचनाओं से विद्यार्थि-जगत् सुपरिचित ही है। कोश की उपयोगिता पर डा० सूर्यकान्त शास्त्री, श्री विश्वबन्धु शास्त्री, महामहोपाध्याय श्री परमेश्वरानन्द शास्त्री, आदि-आदि विद्वानों ने अपनी-अपनी अमूल्य सम्मतियाँ प्रदान की हैं। छपाई गेटअप आदि आधुनिकतम। मूल्य अत्यल्प १२॥)

संस्कृतपाठमाला

(१–५ भाग)

लेखक : महापण्डित राहुल सांकृत्यायन

सुगमतापूर्वक संस्कृत भाषा को अधिकृत करने के लिये विद्वान् लेखक ने बालक-बालिकाओं के मानसिक स्तर का ध्यान रखते हुए पाँच भागों में इस पुस्तक की रचना की है। इन्हें पढ़कर आप निश्चय ही संस्कृत भाषा और साहित्य का रस ले सकेंगे। कागज, टाइप, आवरण आदि सभी अत्यन्त मनोरम।

मूल्य : प्रथम भाग ॥) द्वितीय भाग ॥।) तृतीय भाग ॥।)
चतुर्थ भाग ॥।) पंचम भाग ॥।=) १–५ भाग का ३॥=)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तरप्रदेशीय सरकार द्वारा पुरस्कृत

संस्कृत-कवि-दर्शन

डॉ० भोलाशङ्कर व्यास एम. ए., पी-एच. डी.

प्राध्यापक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्राक्कथन लेखक—

श्रीमान् कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

भूमिका लेखक—

भारतरत्न डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी डी० लिट्०

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

इसमें संस्कृत के चुने हुए चोटी के २० कवियों पर गवेषणापूर्ण आलोचनात्मक निबन्धों का सङ्ग्रह है। पाश्चात्य नव्य समीक्षा-पद्धति और पौरस्त्य रसालङ्कारवाली आलोचनसरणि का समन्वय कर विद्वान् लेखक ने समीक्षा के क्षेत्र में निःसन्देह एक नवीन उद्भावना की है। समाज-शास्त्र की वैज्ञानिक आधारभित्ति को लेकर पल्लवित किया गया यह आलोचनप्रासाद अपनी प्रामाणिकता और शास्त्रीयता में बेजोड़ है। इस ग्रन्थ में न तो पाश्चात्य पण्डितों की तरह कोई पूर्वाग्रह ही है, न भारतीय पण्डितों की आलोचना की तरह एकाङ्गिता ही। नवीनता और प्राचीनता के समन्वय ने डॉ० व्यास की समीक्षा में मणिकाञ्चन-संयोग घटित कर दिया है। कवियों पर निजी मौलिक उद्भावनाएँ उपन्यस्त कर विद्वान् लेखक ने व्यावहारिक समीक्षा को दार्शनिक रूप दिया है, ग्रन्थ का नामकरण भी इसका सङ्केत करता है। कई कवियों के विषय में ऐसे मौलिक सङ्केत किये गये हैं, जो अनुसन्धान-कर्ताओं को मार्ग-दिशा दे सकते हैं। साहित्यिक समाज को बहुत दिनों से संस्कृत कवियों पर हिन्दी में सैद्धान्तिक, व्यावहारिक और समाजशास्त्रीय आलोचना का अभाव खटकता था। डॉ० व्यास ने इस अभाव की पूर्ति कर दी है। इस दिशा में डॉ० व्यास का यह प्रयास राष्ट्रभाषा में सर्वप्रथम होते हुए भी प्रामाणिक और महनीय है।

शास्त्री, आचार्य तथा बी० ए०, एम० ए० और साहित्यरत्न की परीक्षाओं में निबन्ध और इतिहास के लिये यह पुस्तक अधिक उपादेय है। मूल्य ६)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी रसगंगाधर

'चन्द्रिका' व्याख्या सहित

कविवर पण्डित बदरीनाथ झा एवं आचार्य मदनमोहन झा

रसगंगाधर संस्कृत साहित्य का बहुत ही महत्त्वपूर्ण और जटिल ग्रन्थ है, यही कारण है कि बहुत कम विद्वानों ने अभी तक इस पर कुछ लिखने का साहस किया है। जो कुछ लिखा भी गया है उससे ग्रन्थ के मूल आशय पर पर्याप्त प्रकाश नहीं पड़ता।

संस्कृतसाहित्य-क्षेत्र की यह न्यूनता देखकर इस पर अत्यन्त सरल संस्कृत व्याख्या और उस व्याख्या तथा मूल के स्पष्टीकरण के लिये जो सुविस्तृत हिन्दी भाष्य किया गया है इससे रसगंगाधर में एक नवीन मौलिकता आ गई है। इसके हिन्दी भाष्य में ग्रन्थकार का आशय इतना स्पष्ट हुआ है कि हिन्दी भाष्य मात्र ही आद्योपान्त एक बार पढ़ लेने से विषय चिर-अभ्यस्त की भाँति हृदयपटल पर अङ्कित हो जाता है।

विशेषता यह है कि इस क्षेत्र के समस्त मत-मतान्तरों एवं प्रस्तुत ग्रन्थ के पूर्व-टीकागत सम्यक् रूप से अप्रतिपादित अंशों का हृदयस्पर्शी मार्मिक युक्तियों द्वारा जो निराकरण तथा विवेचन किया गया है वह निश्चय ही अभूतपूर्व है। रसगंगाधर की आधुनिक संस्कृत टीका, टिप्पणी या हिन्दी अनुवाद की सयुक्तिक आलोचना भी हिन्दी भाष्य में की गई है जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसकी लगभग १०० पृष्ठों की विस्तृत आलोचनात्मक भूमिका मात्र पढ़ लेने से भी छात्रों को मुख्य-मुख्य सिद्धान्तों का आवश्यक बोध हो जायगा।

भाषा अत्यन्त सरल होते हुए भी विषय के सर्वथा अनुकूल अर्थात् सरस है। विद्वानों की सर्वतोमुखी प्रतिभा का इस ग्रन्थ में सुन्दर विलास देखने को मिलता है। संस्कृत-साहित्य के अध्येता, अध्यापकों एवं अनुरागियों के लिये यह संस्करण सर्वथा ही नवीन, शास्त्र का यथार्थ उपदेष्टा, अतः संग्रहणीय और मननीय है।

प्रेमी ग्राहकगण शीघ्र ही इस उपादेय प्रकाशन से लाभान्वित हों।

उत्प्रेक्षालङ्कारान्त मूल्य १८)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी हर्षचरित

'संकेत' संस्कृत तथा हिन्दी व्याख्या सहित

हर्षचरित महाकवि बाण का सर्वप्रथम उत्कृष्ट ऐतिहासिक आख्यायिका-ग्रंथ है। 'सभ्यता के विश्वकोष' इस ग्रंथ की अबतक विमर्शाख्य हिन्दी व्याख्या प्रकाशित नहीं हुई थी। अतः बाण के इस ललित गद्य का स्वारस्य केवल संस्कृतज्ञ ही पा सकते थे, जबकि इसकी कथावस्तु और काव्य-कौशल मानवमात्र के लिये अवश्य ज्ञातव्य और आस्वाद्य है। एक मात्र हिन्दी जानने वाले इस काव्य-सौष्ठव से वंचित न रहें, एवं छात्रों तथा अध्यापकों को भी समान रूप से लाभ हो इस दृष्टि से—संकेत नामक संस्कृत व्याख्या तथा विषयानुरूप सरल एवं सरस हिन्दी व्याख्या के साथ यह ग्रंथ प्रकाशित किया गया है। हिन्दी व्याख्या की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें विद्यार्थियों को प्रत्येक संस्कृत पद का मूल के क्रम से व्यवस्थित अनुवाद प्राप्त होगा तथा साहित्यानुरागियों को कथावस्तु, काव्यसौष्ठव, पद-लालित्य आदि के साथ औपन्यासिक धारा का भी आनन्द प्राप्त होगा। यदि इस संस्करण की हिन्दी व्याख्या मात्र को आद्योपान्त पढ़ा जाय तो यह अपने आप में इतनी पूर्ण है कि स्वतंत्र मौलिक रचना प्रतीत होगी। ग्रंथ की विस्तृत भूमिका भी महाकवि का वंशवर्णन, कवि की आत्मकथा, पात्रालोचन, कादम्बरी का परिचय और उससे तुलना, कथासार, आलोचना आदि विविध परीक्षोपयोगी ज्ञातव्य विषयों से विभूषित है। संस्कृत हिन्दी व्याख्या, विशद भूमिका एवं परिशिष्ट आदि से समन्वित यह ग्रन्थ अब हिन्दी तथा संस्कृत के छात्रों, अध्यापकों एवं साहित्यप्रेमियों के लिये समान रूप से पठनीय, मननीय एवं संग्रहणीय हो गया है।

कागज, छपाई, गेट अप आदि सभी आधुनिकतम। मूल्य ६) मात्र।

पञ्चरात्रम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेतम्

महाकवि भास-प्रणीत यह पंचरात्र नाटक महाभारत का स्वकल्पनोपनीत एक मनोरम प्रसंग है, जिसकी स्वयंसिद्ध मनोरमता में विज्ञ व्याख्याकार की संस्कृत एवं हिन्दी व्याख्या ने मणि-काञ्चन संयोग कर दिया है। प्रवाह की दृष्टि से हिन्दी व्याख्या सर्वथा ही विषय के अनुकूल है। इसकी विस्तृत भूमिका में कथावस्तु से सम्बद्ध सभी पक्षों की विस्तृत विवेचना करके परिशिष्ट में नोट्स, नाटकीय विषयों पर पर्याप्त विवेचन, सुभाषित, शब्दार्थ एवं श्लोकानुक्रमणी आदि यथेष्ट सामग्री दी गई है। कागज, टाइप, मुद्रण, आदि सभी मनोरम है। मूल्य २।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी काव्यादर्श

'प्रकाश' व्याख्या सहित

महाकवि दण्डीप्रणीत काव्यादर्श रीतिसम्प्रदाय का एक ऐसा प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पूर्ववर्ती सभी अलंकारग्रंथों से अधिक अलंकारों के उपभेदों एवं रीति तथा गुणादि का सुविस्तृत विमर्श किया गया है। अलंकारशास्त्र में प्रवेश चाहने वाले छात्रों के लिए सरस शैली में अलंकारशास्त्र का तात्त्विक विवेचन करने वाला यह ग्रन्थ परमोपकारक है। यद्यपि संस्कृत में इस ग्रन्थ की अनेकानेक टीकाएँ उपलब्ध होती हैं, किन्तु वे आज के अध्ययन-अध्यापन के स्तर के अनुकूल नहीं। व्याख्याकार ने वर्तमान शिक्षास्तर के सर्वथा अनुकूल इसका सारगर्भित अति सरल सुविस्तृत हिन्दी भाष्य करके जनसाधारण के लिए इस ग्रन्थ को अत्यन्त सुबोध बना दिया है। यह प्रथम बार ही इस ग्रंथ की ऐसी हिन्दी व्याख्या प्रकाशित हुई है जिससे हिन्दी ज्ञाता संस्कृत-साहित्य की सरसता का अधिकाधिक आस्वादन कर सकें। इस अभिनव संस्करण की प्रस्तावना में लगभग ७० अलंकारशास्त्रियों का समय, रचनाएँ तथा उनकी विशेषताओं का वर्णन किया गया है। साथ ही अलंकारशास्त्र, अलंकारशब्दार्थ एवं अलंकार-शास्त्र का क्रमविकास नामक प्रसंग भी प्रस्तावना में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। छात्रों, अध्यापकों एवं साहित्यानुरागियों को इस उपादेय प्रकाशन से अविलम्ब लाभान्वित होना चाहिए। मूल्य अत्यल्प ६॥)

पञ्चतन्त्रम्

'सरला' नामक हिन्दी टीका सहित

संपूर्ण विश्व पंचतंत्र की उपयोगिता से परिचित है। यद्यपि यह ग्रन्थ सरल संस्कृत भाषा में है तथापि हिन्दी मात्र के ज्ञाता तो उसका आनन्द नहीं उठा सकते। इस ग्रंथ की जो अन्यान्य हिन्दी टीकाएँ प्रकाशित हुई भी हैं वे इस कोटि की हैं कि संस्कृत के ज्ञाता ही उनसे लाभान्वित हो सकते हैं। अतः आधुनिक ढंग की यह व्यवस्थित सरल हिन्दी टीका प्रस्तुत की गई है। इस टीका की यह विशेषता है कि केवल हिन्दी जानने वाले भी पंचतंत्र की कथाओं में आए हुए उपदेशों तथा नीतितत्त्वों से भली भाँति अवगत हो जायँगे। यह संस्करण विद्यार्थियों अध्यापकों एवं साहित्य तथा नीतिप्रेमियों के लिए समान रूप से उपयोगी है। मूल्य अजिल्द ४) सजिल्द ५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तरप्रदेशीय सरकार द्वारा पुरस्कृत ग्रन्थद्वय—

हिन्दी कुवलयानन्द

डॉ० भोलाशंकर व्यास एम. ए., पी-एच. डी.

हिन्दी कुवलयानन्द अप्पय दीक्षित के महत्त्वपूर्ण अलंकार ग्रन्थ की राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रकाशित सर्वप्रथम व्याख्या है। हिन्दी दशरूपक आदि के सफल व्याख्याकार डॉ० व्यास ने इसकी व्याख्या करते समय शास्त्रार्थस्थलों को सुबोध बनाने की अथक चेष्टा की है। साथ ही कुवलयानन्द में उदाहृत दण्डी, वामन, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, मम्मट, रुय्यक तथा अन्य आलंकारिकोंके मतों का भी तुलनात्मक संकेत टिप्पणी में कर दिया है। कुवलयानन्दकार की परिभाषाओं, भेदों तथा उदाहरणों की जहाँ-जहाँ पण्डितराज ने रसगंगाधर में आलोचना की है, उन-उन स्थलों पर पण्डितराज के आक्षेपों को उपन्यस्त कर ग्रन्थ को अधिक उपयोगी बनाया गया है।

ग्रन्थ के आरम्भ में एक विस्तृत भूमिका है। इसमें एक ओर कतिपय अलंकारों पर वैज्ञानिक शोधसंबंधी दृष्टिकोण है, दूसरी ओर प्रमुख अलंकारों का स्वरूप तथा परस्पर वैषम्य संकेतित किया गया है। इसके प्रथम अंश में दीक्षित के द्वारा उद्भावित नये अलंकारों की मीमांसा करते समय भोजराज, शोभाकर, रुय्यक, जयदेव, पंडितराज, विश्वेश्वर तथा नागेश के विचारों का भी संकेत किया गया है। साथ ही दीक्षित के अन्य ग्रन्थ चित्रमीमांसा में वर्णित १२ अलंकारों की बारीकियों पर भी प्रकाश डाला गया है। द्वितीय अंश में काव्य में अलंकारों के महत्त्व का संकेत करते हुए अलंकारों के वर्गीकरण पर विचार किया गया है। अन्त में ६० के लगभग अलंकारों के स्वरूप तथा वैषम्य का विवेचन है। यह ग्रन्थ अलंकारों के अध्ययन के लिए एक महत्त्वपूर्ण सामग्री उपस्थित करता है। छपाई, गेटअप आदि अत्यन्त सुन्दर। मूल्य अल्प ६॥)

हिन्दी दशरूपक

डॉ० भोलाशङ्कर व्यास एम. ए., पी-एच. डी.

दशरूपक जैसे महत्त्वपूर्ण शास्त्रीय ग्रन्थ पर यह व्याख्या अपनी निजी विशेषतायें रखती है। व्याख्या संस्कृत तथा हिन्दी दोनों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के अत्यधिक उपयोग की हुई है। विद्वान् व्याख्याकार ने शास्त्रार्थ के दुरूह स्थलों पर इतना सुविस्तृत और गम्भीर विवेचन किया है कि यह व्याख्या दशरूपक पर एक स्वतन्त्र मौलिक रचना के रूप में परिणत हो गई है। अतः यह व्याख्या ग्रन्थ का केवल शाब्दिक अनुवाद मात्र नहीं, अपितु दशरूपक की कसौटी है। शास्त्रार्थ स्थलों में पङ्क्तिभाग की अवहेलना की दृष्टि से–जैसा आजकल के अनुवाद ग्रन्थों में प्रायः पाया जाता है—नहीं देखा गया है। ग्रन्थ के आरम्भ में अतिविस्तृत भूमिका देकर भारतीय नाटकों की उत्पत्ति, नाट्यशास्त्र का इतिहास तथा नाट्यशास्त्र के सिद्धान्तों को विस्तार से विश्लेषित किया गया है। यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि इस रचना से हिन्दी साहित्य की भी अवश्यमेव श्रीवृद्धि हुई है। अधिकारी विद्वानों और पत्र-पत्रिकाओं से प्रशंसित। मूल्य अत्यल्प ५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी साहित्यदर्पण

डॉ० सत्यव्रत सिंह एम० ए०, पी-यच० डी०

ऐसे लाक्षणिक ग्रन्थों के विषय में अब तक किए गए रहस्यग्रन्थिभेदक प्रयत्नों में जिस भाषा-शैली का प्रयोग क्रिया गया है वह ऐसी उलझन से भरी और अन्यवस्थित-सी पाई जाती है कि जिससे विषय स्पष्ट होने के बदले और जटिल-सा हो जाता है। परिणाम यह हुआ है कि छात्रगण विषय को ही उत्तरोत्तर क्लिष्ट समझ कर हार-सी मान बैठते हैं। क्योंकि बहुत परिश्रम करने के पश्चात् भी सन्देह को निवृत्ति नहीं हो पाती। छात्र-समाज का यह काठिन्य ध्वस्त करने के उद्देश्य से साहित्यशास्त्र के प्रकाण्ड मर्मज्ञ विद्वान्, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्रीमान् डॉ० सत्यव्रत सिंहजी ने पहले सर्वबोध्य सुगम भाषा में मूल का व्यवस्थित अनुवाद अंकित किया है तत्पश्चात् अपनी विमर्शनाम्नी व्याख्यात्मक विशद टीका प्रस्तुत की है, जिसके द्वारा विषय की दुरूह ग्रंथियों का वस्तुतः सम्यक् समुन्मोचन बन पड़ा है। इसमें कहीं भी मूल की उपेक्षा हुई नहीं प्रतीत होती। छोटे-छोटे वाक्योंवाली सरस, सरल एवं विषय के अनुरूप ललित भाषा का प्रयोग करके नाट्यशास्त्रकार, अभिनवभारती-कार, भावप्रकाशनकार, काव्यानुशासनकार तथा रसार्णवसुधाकर के रचयिता आदि अनेक साहित्यमर्मज्ञों के मतों की सहायता से भ्रामक मत-मतान्तरों के निरासपूर्वक इस कौशल से विषय का यथार्थ स्वरूप प्रतिपादित किया गया है कि एक बार पढ़ लेने मात्र से वह हृदयपटल पर अंकित-सा हो जाता है। अन्यान्य ग्रंथों के उदाहरण और मतों से छात्र सरसतापूर्वक विषय की व्यापकता का संग्रहण कर सकते हैं।

